भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
तारांकित प्रश्न संख्या **270***

जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

# उर्वरकों की आपूर्ति

**270*. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) खेती के वर्तमान मौसम के दौरान देश में, विशेषत: केरल में उर्वरकों की उपलब्धता और आपूर्ति की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या उर्वरकों की आपूर्ति शृंखला में कोई व्यवधान आया है, और यदि हां, तो व्यवधानों के क्या कारण हैं;

(ग) सरकार द्वारा विशेषत: सर्वाधिक आवश्यकता के मौसम में किसानों को उर्वरकों की निरंतर और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) वर्तमान वित्तीय वर्ष में केरल को आवंटित उर्वरकों की कुल मात्रा कितनी है और किसानों तक उनकी समुचित सुलभता सुनिश्चित करने के लिए क्या वितरण तंत्र विद्यमान है;

(ड.) क्या किसानों, विशेषत: छोटे किसानों के लिए उर्वरकों को और सस्ता करने के लिए राजसहायता बढ़ाने या नई योजनाएं शुरू करने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार उर्वरकों की कालाबाजारी या जमाखोरी की समस्याओं का समाधान किस प्रकार कर रही है और ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**रसायन और उर्वरक तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री**
**(श्री जगत प्रकाश नड्डा)**

---

**(क) से (च):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*********

**"उर्वरकों की आपूर्ति" के संबंध में श्री कोडिकुन्नील सुरेश द्वारा दिनांक 13.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 270* के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**----------**

**(क) से (घ):** खरीफ 2024 और रबी 2024-25 के दौरान केरल राज्य सहित देश में यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीके की आवश्यकता, उपलब्धता, बिक्री और अंतिम स्टॉक का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) "कृषि आदानों के लिए क्षेत्रीय सम्मेलन" के माध्यम से प्रत्येक फसल मौसम (अर्थात खरीफ और रबी) से पहले प्रमुख उर्वरकों अर्थात यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस उर्वरकों की आवश्यकता का आकलन करता है। डीएएंडएफडब्ल्यू द्वारा किए गए आकलन के आधार पर, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा आबंटित करता है और उपलब्धता की स्थिति की निरंतर निगरानी करता है। यह आपूर्तियां स्वदेशी उत्पादन के साथ-साथ आयातों के माध्यम से की जाती हैं।

**(ड.):** यूरिया सब्सिडी स्कीम के तहत, उत्पादन लागत पर ध्यान दिए बिना किसानों को यूरिया सांविधिक रूप से अधिसूचित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर उपलब्ध कराया जाता है। यूरिया की 45 किलोग्राम बोरी की सब्सिडी प्राप्त एमआरपी 266.50 रुपये है। इसके अतिरिक्त, पोषक-तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) स्कीम के अंतर्गत, फॉस्फेटयुक्त और पोटाशयुक्त (पीएण्डके) उर्वरकों की एमआरपी विनियंत्रित है और इसे उर्वरक कंपनियों द्वारा बाजार के उतार-चढ़ाव के अनुसार यथोचित स्तर पर नियत किया जाता है जिसकी निगरानी सरकार द्वारा की जाती है। वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक प्रमुख एनपीके ग्रेड, डीएपी, और एमओपी की एमआरपी का ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है। तदनुसार, किसानों को उर्वरक वहनीय मूल्यों पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

**(च):** उर्वरकों को आवश्यक वस्तु अधिनियम (ईसी), 1955 के अंतर्गत आवश्यक वस्तु घोषित किया गया है और उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। राज्य सरकारों को आवश्यक वस्तु (ईसी) अधिनियम के उपबंधों के अनुसार कालाबाजारी, जमाखोरी और तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए सशक्त बनाया गया है। उर्वरकों की कालाबाजारी/ जमाखोरी के संबंध में उर्वरक विभाग स्तर पर प्राप्त किसी भी शिकायत को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत उपयुक्त कार्रवाई करने के लिए संबंधित राज्य सरकार को भेजा जाता है ।

******

**अनुलग्नक-I**

**दिनांक 13.12.2024 को दिए जाने वाले लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं.270* के उत्तर के भाग (क) से (घ) में उल्लिखित अनुलग्नक**

## संपूर्ण भारत में उर्वरक की स्थिति

**I. रबी 2024-25 (01.10.2024 से 09.12.2024)**

**<मात्रा एलएमटी में>**

| क्र.सं. | उत्पाद समूह | मौसमी आवश्यकता | 09.12.2024 तक यथानुपात आवश्यकता | 09.12.2024 तक उपलब्धता | 09.12.2024 तक डीबीटी बिक्री | 09.12.2024 तक अंतिम स्टॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूरिया | 186.89 | 89.37 | 133.97 | 73.52 | 60.45 |
| 2 | डीएपी | 52.05 | 36.91 | 40.47 | 31.77 | 8.70 |
| 3 | एमओपी | 11.95 | 6.24 | 14.22 | 5.77 | 8.45 |
| 4 | एनपीकेएस | 77.10 | 41.09 | 60.74 | 37.03 | 23.71 |
| * सहज उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता > आवश्यकता | | | | | | |
| ** सहज उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता > बिक्री | | | | | | |

**II. रबी 2024-25 (01.10.2024 से 09.12.2024) हेतु केरल में उर्वरकों की स्थिति**

**<मात्रा '000' एमटी में>**

| क्र.सं. | उत्पाद समूह | मौसमी आवश्यकता | 09.12.2024 तक यथानुपात आवश्यकता | 09.12.2024 तक उपलब्धता | 09.12.2024 तक डीबीटी बिक्री | 09.12.2024 तक अंतिम स्टॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूरिया | 57.00 | 29.00 | 47.00 | 33.00 | 14.00 |
| 2 | डीएपी | 7.00 | 3.00 | 8.00 | 6.00 | 2.00 |
| 3 | एमओपी | 40.00 | 21.00 | 49.00 | 25.00 | 24.00 |
| 4 | एनपीकेएस | 60.00 | 29.00 | 57.00 | 39.00 | 18.00 |
| * सहज उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता > आवश्यकता | | | | | | |
| ** सहज उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता > बिक्री | | | | | | |

# संपूर्ण भारत में उर्वरक की स्थिति

**I. खरीफ 2024**

**<मात्रा एलएमटी में>**

| क्र.सं. | उत्पाद समूह | मौसमी आवश्यकता | उपलब्धता | डीबीटी बिक्री | अंतिम स्टॉक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूरिया | 177.12 | 252.10 | 189.12 | 63.02 |
| 2 | डीएपी | 59.87 | 58.08 | 46.12 | 12.23 |
| 3 | एमओपी | 10.26 | 16.60 | 9.27 | 7.33 |
| 4 | एनपीकेएस | 74.19 | 111.66 | 75.46 | 35.94 |
| * सहज उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता > आवश्यकता | | | | | |
| ** सहज उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता > बिक्री | | | | | |

**II. खरीफ 2024 हेतु केरल में उर्वरकों की स्थिति**

**< मात्रा '000' एमटी में >**

| क्र.सं. | उत्पाद समूह | मौसमी आवश्यकता | उपलब्धता | डीबीटी बिक्री | अंतिम स्टॉक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूरिया | 54.00 | 73.00 | 52.00 | 21.00 |
| 2 | डीएपी | 10.00 | 13.00 | 10.00 | 3.00 |
| 3 | एमओपी | 42.00 | 50.00 | 38.00 | 12.00 |
| 4 | एनपीकेएस | 77.00 | 96.00 | 61.00 | 35.00 |
| * सहज उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता > आवश्यकता | | | | | |
| ** सहज उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता > बिक्री | | | | | |

**अनुलग्नक–II**

**दिनांक 13.12.2024 को दिए जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न सं.270* के के उत्तर के भाग (ड.) में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**अक्टूबर-24 की स्थिति के अनुसार वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक उत्पाद वार औसत एमआरपी (रुपये/बोरी)**

| उत्पाद का नाम | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|
| 10-26-26 | 1488.04 | 1469.75 | 1494.77 |
| 12-32-16 | 1578.12 | 1493.26 | 1470.00 |
| 20-20-0-13 | 1402.28 | 1263.78 | 1262.65 |
| डीएपी | 1347.00 | 1349.99 | 1350.00 |
| एमओपी | 1707.38 | 1699.39 | 1579.20 |

*****